Importantly, kufri jamunia potatoes also have purple skin and flesh, which could affect consumer interest. Research on other biofortified foods has already shown that while people are generally willing to pay modest premiums – the national average cost of ordinary potatoes purchased wholesale is around ₹17/kg – whether they accept a new variety depends on its appearance, their awareness, taste, and of course local preferences.



Solving an issue: The variety reportedly has a meaty texture. CPRI researchers themselves have proposed that kufri jamunia can be used in curries, parathas, soups, baked goods, and dehydrated flours. THULASI KAKARLAPUDI

How was it developed

The CPRI team developed the kufri jamunia variety by crossing two potato lines, MS/18-1148 and CP4242, in 2015. MS/18-1148 is high in vitamin C whereas CP4242 had purple skin and flesh. The result, formally called MSP/16-307, could naturally accumulate higher concentrations of specific nutrients as it grew. The team then conducted trials, including multi-location testing, in 2020-2023.

Based on the trial data, the Central Sub-Committee on Crop Standards, Notification and Release of Varieties for Horticultural Crops approved the variety in mid-2024 and the government notified it in November that year. The variety's plants produce 10-12 medium to large tubers each and mature in around 90 days. The purple colour comes from anthocyanins – organic compounds also found in jamun and blueberries.

According to the Press Information Bureau, 100 g of kufri jamunia flesh contains around 42.75 mg of vitamin C (versus 23.15 mg in regular potatoes), 42.05 mg of anthocyanins, 3.26 mg of zinc (versus 0.28 mg), 3.22 mg of iron (versus 0.57 mg), and 168 micrograms of carotenoids. And per the CPRI team's findings themselves, published in *Potato Journal* in 2025, 100 g of kufri jamunia was found to have a range of carotenoid levels, from 15.6 micrograms in Kanpur to 298.4 micrograms in Raipur, during the multi-location trials. Kufri jamunia also contains slightly less zinc than kufri neelkanth and slightly less iron than kufri manik, the latter are other coloured potato varieties developed at the Institute.

Anthocyanins are known to have antioxidant properties, although whether the same benefits will accrue when delivered by kufri jamunia potatoes is not known. And in the absence of similar studies, the same caveat goes for iron and zinc. A 2016 study in *Food Chemistry* examined purple-fleshed potatoes and reported that steaming and microwaving generally preserved more of the nutritional substances than stir-frying did. However, again, research specific to kufri jamunia is not available.

A 2016 study examined purple-fleshed potatoes and reported that steaming and microwaving generally preserved more of the nutritional substances than stir-frying did



Cultivation factors

Nutrient availability and delivery constitutes one half of a biofortification programme; the other half is determined by cultivation.

At the Modipuram research station, according to the *Potato Journal* paper, the team recorded an average yield of 49.06 tonnes per hectare after three months, across three seasons, whereas subsequent multi-location trials, including at Modipuram, recorded an overall mean of 31.96 tonnes per hectare across north (36.77 tonnes), central (33.79 tonnes), and eastern (25.91 tonnes) India.

On the other hand, at these locations, kufri manik yielded 31.52 tonnes per hectare and kufri neelkanth 36.61 tonnes per hectare. Further, kufri jamunia could moderately resist late blight, a disease caused by the water mould *Phytophthora infestans*, in laboratory conditions but has been reported as 'susceptible' in the field. Late blight is a devastator of potato crops and the CPRI team has already recommended that farmers apply fungicide.

Next, the multi-location trials also produced 29.19 tonnes of marketable potatoes per hectare, versus 33.48 tonnes for kufri neelkanth. So if the costs of cultivation were equal, kufri jamunia farmers could need a 15% premium on the selling price to attain the same gross revenue. (A study published by a CPRI in *Indian Horticulture* in 2020 estimated that, for regular potatoes, the seed material accounted for 40-50% of the production costs vis-a-vis regular potatoes, with a per-hectare seed cost of around ₹60,000-75,000 per hectare.)

Taken together, there are many unknowns about kufri jamunia at this point to assess its overall cost-benefit ratio, including the cost of seeds and disease management, pricing, its uptake in the market, and how efficaciously it will deliver iron and zinc to the population. It would be premature as a result to deem kufri jamunia to be a proven solution to address India's hidden hunger.

(vasudevan.m@thehindu.co.in)

THE GIST

- The CPRI team developed the kufri jamunia variety by crossing two potato lines, MS/18-1148 and CP4242, in 2015. MS/18-1148 is high in vitamin C whereas CP4242 had purple skin and flesh. The result, formally called MSP/16-307, could naturally accumulate higher concentrations of specific nutrients as it grew
- The variety reportedly has a meaty texture. In one CPRI assessment involving 64 people, 98% rated its overall acceptability 'good to excellent' and 56% said its taste was very good. This study cohort, though, is too small to generalise the results. CPRI researchers themselves have proposed that kufri jamunia can be used in curries, parathas, soups, baked goods, and dehydrated flours
- Nutrient availability and delivery constitutes one half of a biofortification programme; the other half is determined by cultivation. Taken together, there are many unknowns about kufri jamunia at this point to assess its overall cost-benefit ratio

Health

Subscribe to epaper.thehindu.com to read the science page, which features in-depth articles on all weekdays

SNIPPETS

Latest updates from the world of health

Open access to peptides



Reuters

U.S. Health Secretary Robert F. Kennedy Jr. has pushed forward a policy allowing licensed pharmacies and physicians to compound certain unapproved peptides while regulators consider whether to formally permit their use in compounded medicines.

Published in the Federal Register as Mr. Kennedy's "enforcement discretion policy," it enables U.S. compounding of six peptides, including the BPC-157 and TB-500 – popularly known as the "Wolverine stack" – without fear of FDA reprisal.

U.S. funds for Ebola vaccine



Reuters

IAVI, a biomedical research organisation, said on Wednesday it was awarded $36 million under a U.S. government contract worth up to $99 million to advance development of its single-dose vaccine candidate against the Bundibugyo strain of the Ebola virus.

The number of confirmed Ebola cases in Democratic Republic of Congo has risen above 10,000, government data showed on Tuesday, making the Bundibugyo outbreak the country's largest and deadliest outbreak.

Dutch govt.'s bird flu curbs



Reuters

Farmers across the Netherlands have been instructed to keep poultry indoors following three reported bird flu outbreaks.

"The risk of further infections is significant. To prevent as much suffering as possible for both animals and business owners, I have decided to implement a nationwide requirement to keep birds indoors or otherwise shielded," Minister Silvio Erkens said.

Detections typically increase during the fall and spring, when migrating birds can spread virus to domestic poultry.

शरीर में छिपी सूजन से हार्ट अटैक व स्ट्रोक का खतरा 43% अधिक

नई दिल्ली। शरीर में लंबे समय तक बनी रहने वाली सूजन दिल को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती है। इसका असर दिल की मांसपेशियों की बनावट और खून भरने की क्षमता पर पड़ सकता है।

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में करीब 4.80 लाख लोगों के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण में पाया गया कि शरीर में सूजन का स्तर सबसे अधिक होने पर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा सबसे कम सूजन वाले लोगों की तुलना में 43 प्रतिशत ज्यादा था। हालांकि, अध्ययन सूजन और हृदय रोग के बीच संबंध दर्शाता है, हर मामले में सीधे कारण-परिणाम को साबित नहीं करता। एमआरसी लेबोरेटरी ऑफ मेडिकल साइंसेज और इंपीरियल कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने अध्ययन में हृदय की इमेजिंग, रक्त जांच और आनुवंशिक जानकारियों का विश्लेषण कर यह खुलासा किया है। अमर उजाला नेटवर्क



दिल की मांसपेशियों की बनावट और खून भरने की क्षमता पर भी पड़ सकता है असर

बचाव : *नियमित व्यायाम, संतुलित खानपान, वजन पर नियंत्रण और धूम्रपान से दूरी हृदय को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। रक्तचाप व मधुमेह नियंत्रित रखें।*

बच्चों के दूर जाने पर बुजुर्गों के लिए सहारा बने स्टार्टअप

2050 तक हर पांचवां भारतीय होगा 60 से अधिक उम्र का

अमर उजाला नेटवर्क

नई दिल्ली। रोजगार और बेहतर अवसरों के लिए युवाओं के दूसरे शहरों और विदेशों में बसने से भारत में बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल बड़ी चुनौती बनती जा रही है। संयुक्त परिवारों की परंपरागत व्यवस्था कमजोर होने के बीच अब स्टार्टअप घर पर चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य निगरानी, सुरक्षित आवास और अकेलेपन से निपटने के लिए नई सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि, इन सेवाओं की बढ़ती मांग के बावजूद उनकी ऊंची लागत और प्रशिक्षित देखभालकर्मियों की कमी बड़ी बाधाएं हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत की आबादी में 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी करीब 21 प्रतिशत हो सकती है। यानी देश में लगभग हर पांचवां व्यक्ति बुजुर्ग होगा। वैश्विक स्तर पर भी इस आयु वर्ग की आबादी 2020 से 2050 के बीच दोगुनी होकर 2.1 अरब पहुंचने का अनुमान है। जकार्ता में रहने वाले विज्ञापन क्षेत्र के अधिकारी अरिंदम भट्टाचार्य को वर्ष 2024 में अपने माता-पिता की देखभाल के लिए नई व्यवस्था की जरूरत महसूस हुई। उनके पिता को अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई। अब वह दो स्टार्टअप की मदद से उनके स्वास्थ्य की निगरानी और चिकित्सा सहायता का प्रबंध करते हैं। घर पर देखभाल देने वाली कंपनियां नर्सिंग, दवा, स्वास्थ्य जांच और आपातकालीन चिकित्सा सहायता जैसी सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। इस तरह कई परिवारों में देखभाल की जिम्मेदारी अब पेशेवर कर्मियों पर भी आ रही है।



तकनीक से होगी निगरानी अकेलेपन से लड़ने की पहल

बेंगलुरु की कुबो केयर और नोलिंक डॉट एआई जैसी कंपनियां सेंसर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से बुजुर्गों की गतिविधियों पर नजर रखने वाली प्रणालियां उपलब्ध करा रही हैं। इनके जरिए किसी व्यक्ति के गिरने या अचानक अस्वस्थ होने का संकेत मिलने पर मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा सकती है। गुडफेलोज जैसी कंपनियां बुजुर्गों को समय देने, बातचीत करने और तकनीक के इस्तेमाल में मदद के लिए युवा सहयोगी उपलब्ध कराती हैं। इसका उद्देश्य बुजुर्गों का अकेलापन कम करना है।

किफायती देखभाल सबसे बड़ी चुनौती

नीति आयोग के अनुसार भारत के 78 प्रतिशत बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिलती। ऐसे में निजी देखभाल सेवाओं और वरिष्ठ आवास का खर्च उठाना बड़ी आबादी के लिए मुश्किल है। इसके अलावा, देखभालकर्मियों को प्रशिक्षित करना भी बेहद जरूरी है।

बिल्ली के मल से फैलने वाले परजीवी की दिमाग तक पहुंच

इहबास के अध्ययन में मानसिक और तंत्रिका संबंधी रोगियों में टॉक्सोप्लाज्मा के खिलाफ मिली एंटीबॉडी ने चौंकाया

नितिन राजपूत

नई दिल्ली। बिल्ली के मल, दूषित मिट्टी-पानी और अधपका संक्रमित मांस टॉक्सोप्लाज्मा गोंडी नामक परजीवी के संक्रमण का कारण बन सकते हैं। यह परजीवी शरीर के ऊतकों में लंबे समय तक बना रह सकता है और कुछ परिस्थितियों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक भी पहुंच सकता है।

पूर्वी दिल्ली स्थित मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) के एक अध्ययन में मानसिक और तंत्रिका संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों में इस परजीवी के खिलाफ बनी एंटीबॉडी पाई गई हैं। हालांकि, शोध में परजीवी और इन बीमारियों के बीच कोई सीधा संबंध साबित नहीं हुआ है। मार्च से सितंबर 2025 के बीच किए गए इस अध्ययन में मानसिक और तंत्रिका संबंधी रोगों से पीड़ित 281 मरीजों तथा 281 स्वस्थ व्यक्तियों को नियंत्रण समूह के रूप में शामिल किया गया।



एंटीबॉडी मिलने का मतलब सक्रिय संक्रमण नहीं

मनोरोग विभाग के डॉ. महादेव सिंह सेन के अनुसार, वैज्ञानिक यह समझने में रुचि रखते हैं कि इस परजीवी का मानसिक और तंत्रिका संबंधी स्वास्थ्य से कोई संबंध है या नहीं। हालांकि, अध्ययन में मरीजों और नियंत्रण समूह के बीच एंटीबॉडी मिलने की दर का अंतर सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण नहीं था। इसलिए केवल एंटीबॉडी की मौजूदगी के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि किसी मरीज की बीमारी परजीवी के कारण हुई है या उसके शरीर में सक्रिय संक्रमण है।

562 लोगों के रक्त नमूनों की जांच की गई

इस तरह कुल 562 लोगों के रक्त नमूनों की जांच की गई। अध्ययन के अनुसार, डिमेंशिया के 35 प्रतिशत मरीजों में टॉक्सोप्लाज्मा गोंडी के खिलाफ एंटीबॉडी मिलीं। सिजोफ्रेनिया के मरीजों में यह दर 33.34 प्रतिशत, बाइपोलर अफेक्टिव डिसऑर्डर में 32 प्रतिशत, पार्किंसंस रोग में 31.03 प्रतिशत और नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़े मानसिक एवं व्यवहार संबंधी विकारों में 30 प्रतिशत रही। इहबास के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ. सोनाली माहेश्वरी के अनुसार, रक्त नमूनों की जांच के लिए एंजाइम-लिंक्ड इम्यूनोसोरबेंट एसे (एलिसा) तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इसके जरिए इम्युनोग्लोबुलिन जी (आईजीजी) एंटीबॉडी की मौजूदगी का पता लगाया गया। ये एंटीबॉडी आमतौर पर पहले हुए संक्रमण या परजीवी के संपर्क में आने का संकेत हो सकती हैं।

संक्रमण से बचाव के उपाय : बिल्ली के मल की सफाई करते समय दस्ताने पहनें और बाद में हाथ अच्छी तरह धोएं। फल-सब्जियों को साफ पानी से धोएं तथा मांस को अच्छी तरह पकाकर खाएं। ये सावधानियां संक्रमण के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती हैं।

टॉक्सोप्लाज्मोसिस संक्रमण का नाम

न्यूरोलॉजी विभाग के डॉ. राजिंदर के धमीजा के अनुसार, टॉक्सोप्लाज्मा गोंडी से होने वाले संक्रमण को टॉक्सोप्लाज्मोसिस कहते हैं। दूषित मिट्टी-पानी, संक्रमित बिल्ली के मल से दूषित वस्तुओं और अधपके संक्रमित मांस के सेवन से यह संक्रमण हो सकता है। कुछ परिस्थितियों में परजीवी केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक पहुंचकर वहां लंबे समय तक बना रह सकता है।

मिश्रण कुछ ऐसा है कि अब ईश्वर भी सड़कों पर उमड़ते आकर्षणों (या दूसरे का

दूसरा पहलू

अनियंत्रित हंसी लंबी व ऊंची होती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों प्रकार की हंसी में मस्तिष्क के अलग-अलग तंत्रिका-तंत्र सक्रिय होते हैं।

हंसी के पीछे छिपे हैं दिमाग के अनोखे रहस्य

■ *सोफी स्कॉट*

क्या आपको याद है कि पिछली बार आप कब हंसते-हंसते लोटपोट हो गए थे और आपकी हंसी रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी? शायद वह ऐसी स्थिति थी, जब आपको बिल्कुल भी नहीं हंसना चाहिए था। ऐसा हममें से एक व्यक्ति के साथ हुआ, जब वह तलाक के एक अप्रिय मामले में अपने मित्र के साथ पारिवारिक न्यायालय गया था। वहां उसे इतनी हंसी आई कि वह खुद को रोकने की कोशिश करते हुए बाथरूम की ओर भागा, पर असफल रहा। यह उसके मित्र को भावनात्मक सहारा देने का बिल्कुल सही तरीका नहीं था। वहीं क्रिकेट कमेंटेटर ब्रायन जॉनस्टन व जोनाथन एग्न्यू भी 1991 में मैच का वर्णन करते समय इतना हंसे कि बोल नहीं पाए। आखिर ऐसा क्यों होता है?

आमतौर पर हम हंसी को मनोरंजन से जोड़ते हैं, जबकि अधिकांश हंसी सामाजिक कारणों से आती है। दूसरों के साथ होने पर हमारे हंसने की संभावना अकेले होने की तुलना में 30 गुना अधिक होती है। किसी परिचित और प्रिय व्यक्ति के साथ हम अधिक हंसते हैं। बातचीत में हंसी संक्रामक भी होती है। किसी को हंसते देखकर या सुनकर हम खुद-ब-खुद हंसने लगते हैं। इससे सामाजिक जुड़ाव बढ़ता है। हम सहमति जताने, समझ प्रदर्शित करने, दोस्ती को मजबूत करने और तनाव घटाने के लिए भी हंसते हैं। बातचीत में ऐसी सामान्य हंसी औसतन हर दस मिनट में छह बार आती है। यह छोटी और अपेक्षाकृत धीमी होती है। इसके विपरीत, अनियंत्रित हंसी लंबी व ऊंची होती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों प्रकार की हंसी में मस्तिष्क के अलग-अलग तंत्रिका-तंत्र सक्रिय होते हैं। मस्तिष्क की विद्युत उत्तेजना से कुछ क्षेत्रों में हंसी उत्पन्न की जा सकती है। एक तंत्र खुशी व आनंद से जुड़ा है, जबकि दूसरा बोलने तथा ऐच्छिक गतिविधियों को नियंत्रित करता है। स्वाभाविक हंसी से ओपिओइड प्रणाली सक्रिय हो सकती है, जो आनंद और सुखद अनुभूति से जुड़ी है। सेरोटोनिन प्रणाली पर इसके प्रभाव से दर्द कुछ समय के लिए कम महसूस हो सकता है। यह प्राचीन तंत्र मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों में काफी हद तक समान है। इसके विपरीत, स्वैच्छिक हंसी सामाजिक संवाद में भूमिका निभाती है। यह बोलने, गाने और बीटबॉक्सिंग जैसी जटिल गतिविधियों से जुड़े मस्तिष्कीय तंत्र पर निर्भर करती है। शोध के अनुसार, हंसी केवल मनोरंजन नहीं है। इसका अध्ययन सामाजिक संबंधों, सहानुभूति, भाषा, भावनात्मक संक्रामकता और दर्द नियंत्रण को समझने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।



मस्तिष्क की विद्युत उत्तेजना से हंसी उत्पन्न की जा सकती है। एक तंत्र खुशी से जुड़ा है, जबकि दूसरा ऐच्छिक गतिविधियों को नियंत्रित करता है।

-साथ में फाउस्टो काऊआना (द कन्वर्सेशन)

बच्चों को इंटरनेट से दूर कर देना ठीक नहीं



न्यायालय का तर्क है कि बच्चों को हानिकारक ऑनलाइन सामग्री से बचाना और उन्हें पूरी तरह से डिजिटल दुनिया से बाहर कर देना, इन दोनों में फर्क है।

विनय झैलावत | मुद्दा

बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का दृष्टिकोण इंटरनेट तक पहुंच पर पूर्ण प्रतिबंध के बजाय, हानिकारक सामग्री, जवाबदेही और उचित सुरक्षा उपायों पर केंद्रित है। सर्वोच्च न्यायालय ने बच्चों की इंटरनेट, विशेष रूप से सोशल मीडिया तक पहुंच को उम्र के आधार पर सीमित करने की प्रवृत्ति पर विचार करते हुए ऑनलाइन खतरों से निपटने के उपाय के तौर पर ऐसी पाबंदियों का समर्थन करने से इन्कार कर दिया।

न्यायालय का तर्क है कि बच्चों को हानिकारक ऑनलाइन सामग्री से बचाना और उन्हें पूरी तरह से डिजिटल दुनिया से बाहर कर देना, इन दोनों में फर्क है। न्यायालय ने माना कि इंटरनेट, अपने मौजूदा रूप में, बच्चों के लिए बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। न्यायालय की चिंता यह थी कि बच्चों की सुरक्षा के उपायों में नुकसान की जड़ पर ध्यान दिया जाना चाहिए, न कि



उस नुकसान का बोझ खुद बच्चों पर डाल दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री तैयार करने, प्रसारित करने, फैलाने, बेचने या खोजने वालों के साथ-साथ, इसे पहचानने और हटाने में नाकाम रहने वाले मध्यस्थों को भी दोषी माना। न्यायालय का तर्क था कि बच्चों को इंटरनेट से दूर रखने का मतलब होगा पीड़ित को ही समस्या मान लेना।

न्यायालय ने चिंता जताई कि बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के उपायों में अनिवार्य रूप से उपयोगकर्ताओं की पहचान करना और उनकी उम्र का पता लगाना, संवेदनशील डाटा इकट्ठा करना और उसकी निगरानी करना शामिल होता है। इससे डाटा के दुरुपयोग और निगरानी का जोखिम पैदा हो जाता है। ये चिंताएं निजता के अधिकार के तहत मिलने वाली सुरक्षा के विपरीत हैं।

न्यायालय ने दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले बच्चों के लिए, सीखने के स्रोत के रूप में इंटरनेट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिये विशेष जरूरतों वाले बच्चे, समान अनुभवों वाले अन्य लोगों से जुड़ सकते हैं। इसलिए इंटरनेट तक पहुंच पर पाबंदियां केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित नहीं रहतीं। इनका असर बच्चों की जानकारी पाने, सीखने और अपनी बात व्यक्त करने की क्षमता पर भी पड़ सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पाबंदियों को खारिज करने का मतलब यह नहीं है कि उम्र के आधार पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। बच्चों तक पहुंचने वाले कंटेंट को नियंत्रित करने की जरूरत है, लेकिन माता-पिता की सहमति, मार्गदर्शन और निगरानी जरूरी है। साथ ही, सोशल मीडिया अकाउंट्स के लिए एक विशेष 'चाइल्ड मोड' बनाने की बात भी कही गई। इसमें अकाउंट को डिफॉल्ट रूप से 'प्राइवेट' रखना, अनजान वयस्कों से संपर्क और संदेशों पर रोक लगाना, और बच्चों तक पहुंचने वाले विज्ञापनों व

सामना करना पड़ा।

दबाव और बढ़ गया।

अपील की है। ब्यूरो

एसोसिएशन की मांग है कि

है। त्योहारों के दौरान इसका असर

राजधानी में एक दिन में 144 अंक बढ़ गया प्रदूषण

पंजाब-हरियाणा से प्रदूषक पहुंचने की आशंका, 23 इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार



कर्तव्य पथ पर छाए स्मॉग के बीच घूमते लोग। विवेक विग

संवाद न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। महज एक दिन में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में 144 अंकों का उछाल दर्ज किया गया। शनिवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 117 यानी मध्यम श्रेणी में था, जो रविवार को बढ़कर 261 पर पहुंच गया। शाम छह बजे के बाद यह और बढ़कर 272 दर्ज किया गया। इसके साथ ही दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के निगरानी केंद्रों के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के कुल 59 निगरानी केंद्रों में से 43 पर हवा खराब से बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें 23 इलाके ऐसे हैं, जहां एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया। वहीं, 20 इलाकों में हवा खराब श्रेणी में रही। केवल 14 इलाकों में एक्यूआई मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया।

जहांगीरपुरी में सबसे ज्यादा प्रदूषण

दिल्ली में सबसे खराब स्थिति जहांगीरपुरी की रही, जहां एक्यूआई 388 दर्ज किया गया। पंजाबी बाग और रोहिणी में यह 365, मुंडका में 353, आरके पुरम में 342 और अलीपुर में 338 रहा। चांदनी चौक, नरेला और विवेक विहार में एक्यूआई 336 दर्ज किया गया। वहीं, बवाना में यह 329 रहा। लगभग सभी प्रदूषित इलाकों में पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक रहा।

पराली के धुएं का असर बढ़ने की आशंका

आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक, दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान करीब 18 फीसदी रहने का अनुमान था। रविवार को उत्तर-पश्चिम दिशा से चली हवाओं के कारण पंजाब और हरियाणा की ओर से प्रदूषक दिल्ली पहुंच सकते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण गतिविधियां और स्थानीय प्रदूषण भी हवा की गुणवत्ता बिगाड़ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हवा की दिशा और रफ्तार प्रदूषकों के फैलाव को प्रभावित करती है। ऐसे में स्थानीय उत्सर्जन के साथ बाहरी स्रोतों से आने वाला प्रदूषण भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर असर डाल रहा है।

चिल्ला बॉर्डर पर नहीं दिखा वाहनों पर प्रतिबंध का असर

चिराग गुप्ता

आनंद विहार, गाजीपुर, अप्सरा और लोनी बॉर्डर पर पुलिस रही सतर्क, वाहनों की हुई जांच

पूर्वी दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच बीएस-6 से कम श्रेणी के वाहनों की एंट्री पर रोक का असर रविवार को पूर्वी दिल्ली से सटे बॉर्डर पर अलग-अलग नजर आया। आनंद विहार, गाजीपुर, अप्सरा और लोनी बॉर्डर पर पुलिस ने दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों की जांच की। वहीं, चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस की तैनाती के बावजूद वाहनों को रोकने की कार्रवाई दिखाई नहीं दी।

गाजीपुर बॉर्डर पर दिल्ली की ओर आने वाले रास्तों पर पुलिसकर्मी वाहनों के दस्तावेज और उत्सर्जन मानक की जांच करते रहे।

आनंद विहार बॉर्डर पर भी खासतौर पर डीजल वाहनों पर नजर रखी गई। प्रतिबंधित श्रेणी के वाहनों को दिल्ली में प्रवेश देने के बजाय वापस लौटाया गया। अप्सरा और लोनी बॉर्डर पर भी पुलिसकर्मियों ने जांच के दौरान बीएस-6 से कम श्रेणी के वाहनों को रोका।

चिल्ला बॉर्डर पर स्थिति अलग रही। कांग्रेस की रैली के कारण नोएडा से दिल्ली आने वाले यातायात को नहीं रोका गया। ऐसे में यहां प्रतिबंध का असर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दिया।



वाहनों की चेकिंग के चलते गाजीपुर बॉर्डर पर लगा जाम। अमन उजाला

नेताजी सुभाष मार्ग का होगा सौंदर्यीकरण, पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों के लिए बनेंगे अलग ट्रैक

अच्छी आदतों पर अडिग रहिए



मारिया बिलाकी
ब्लॉगर और पिंटनेस एक्सपर्ट। सत्ताइजिनली अनस्टक किताब की लेखिका।

किसी नई आदत को अपनाने का हमारा उत्साह अक्सर कुछ ही हफ्तों में ठंडा पड़ जाता है और हम पुरानी आदतों पर लौट आते हैं। इसका कारण हमेशा इच्छाशक्ति की कमी नहीं होता। स्थायी बदलाव के लिए जरूरी है कि हम ऐसी आदतें विकसित करें, जिन पर लंबे समय तक टिके रह सकें। इसमें अवचेतन मन की बड़ी भूमिका होती है।

'अगर आप कुछ ऐसा पाना चाहते हैं, जो आपको पहले कभी नहीं मिला, तो आपको कुछ ऐसा करना होगा, जो आपने पहले कभी नहीं किया।' – अज्ञात

हम सभी जीवन में कुछ बेहतर करना चाहते हैं। कोई वजन कम करना चाहता है, कोई नियमित व्यायाम शुरू करना चाहता है और कोई खानपान सुधारना चाहता है। ऐसे कई सारे संकल्प हम करते रहते हैं। शुरुआत भी अच्छी होती है, लेकिन कुछ ही हफ्तों में पुरानी आदतें लौटने लगती हैं। तब हम खुद को दोष देने लगते हैं कि शायद हममें इच्छाशक्ति की कमी है। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? मेरा अनुभव कहता है कि आदतें बदलने के लिए केवल मजबूत इरादे काफी नहीं हैं। बदलाव का तरीका ऐसा होना चाहिए, जिसे हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में लंबे समय तक अपना सकें।

> लंबे समय तक लक्ष्यों पर टिके रहने के लिए केवल मेहनत करना काफी नहीं है। बड़े बदलाव लाने के लिए स्थायी आदतों का होना जरूरी है।



निरंतरता के बिना सफलता अधूरी

आसान लक्ष्य पूरे करने से संतुष्टि मिलती है और दिमाग को उन्हें दोहराने का सकारात्मक संकेत मिलता है। इससे धीरे-धीरे आदतें बनने लगती हैं। बड़ी उपलब्धियों के पीछे भागने में कोई बुराई नहीं, पर वह रास्ता कई बार हमें भटका देता है। लंबे समय की सफलता के लिए केवल मेहनत नहीं, निरंतरता भी जरूरी है। यही वजह है कि बहुत से लोग वजन घटाने के बाद फिर बढ़ा लेते हैं। वे उसे बनाए रखने वाली आदतें विकसित नहीं कर पाते। मैंने सीखा कि बदलाव को सहज और आसान बनाकर ही लंबे समय तक कायम रखा जा सकता है। अब मैं सप्ताह में पांच दिन व्यायाम करती हूं और रोज घर का बना खाना खाती हूं। इससे मेरा बढ़ा हुआ 5.5 किलो वजन भी कम हो गया। आप भी सोचिए कि अपनी जिंदगी में कौन-सा बदलाव लाना चाहते हैं? आज उस दिशा में कौन-सा छोटा कदम उठा सकते हैं, जो धीरे-धीरे आपकी स्थायी आदत बन जाए?

अपनी आदतों पर विचार करें

हम अक्सर नायकों की कहानियों से प्रेरित होते हैं। मुश्किलों से लड़कर बड़ी जीत हासिल करने वाले लोग हमें सिखाते हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से सब कुछ संभव है। हम भी इसी सोच के साथ अपने लक्ष्य तय करते हैं। तय करते हैं कि इस बार पीछे नहीं हटेंगे, पर कम ही लोग सफल होते हैं। अपनी कमियों व विफलताओं की असली वजह मैं तब समझ पाई, जब मुझे यह एहसास हुआ कि नायक दो तरह के होते हैं-एक वे, जो हवाई लक्ष्यों के पीछे भागते हैं। दूसरे वे, जो जमीन से जुड़े रहकर आगे बढ़ते हैं।

मसलन, कोई व्यक्ति तय करता है कि अब वह सप्ताह में छह दिन डेढ़ घंटे व्यायाम करेगा और पूरी तरह संतुलित भोजन ही खाएगा। शुरुआती दिनों में यह उत्साह से इस योजना पर अमल करता है। धीरे-धीरे काम का दबाव, जिम्मेदारियां और थकान आड़े आने लगती हैं। व्यायाम छूटने लगता है और खानपान भी पहले जैसा हो जाता है। कुछ समय बाद वह खुद को कमजोर इच्छाशक्ति वाला मानने लगता है।

जो लोग बीच में ही प्रयास छोड़ देते हैं, उनके हिस्से में न तो कोई उपलब्धि आती है और न ही सराहना। उलटे वे खुद को दोष देने लगते हैं और अपराधबोध से घिर जाते हैं। उन्हें लगता है कि वे आलसी हैं, आसानी से हार मान लेते हैं या फिर उन्होंने पर्याप्त कोशिश नहीं की, वे बहुत जल्दी हार मान गए या उनमें इच्छाशक्ति की कमी थी। शायद वे सचमुच बदलना ही नहीं चाहते थे।

हालांकि, कई बार समस्या यह होती है कि हम अपने लिए जरूरत से ज्यादा कठिन लक्ष्य चुन लेते हैं। हमारा ध्यान लगातार बड़ी उपलब्धि हासिल करने में लगा रहता है। मेरे साथ ऐसा ही हुआ था। दो साल में मेरा वजन करीब 5.4 किलो बढ़ गया। कभी मैं नियमित व्यायाम करती, तो कभी कई दिनों तक उससे दूर रहती। खानपान सुधारने की कोशिश भी लंबे समय तक नहीं चल पाती थी। तब मुझे यह समझ आया कि मुझे कुछ समय के लिए वजन घटाने का लक्ष्य नहीं, बल्कि ऐसी आदतें विकसित करनी हैं, जिन्हें जीवनभर अपनाया जा सके।

अवचेतन मन की बड़ी भूमिका

हमारे मन के दो हिस्से होते हैं-चेतन मन और अचेतन मन। चेतन मन तार्किक विचारों और फैसलों के लिए जिम्मेदार होता है, जबकि अचेतन मन भावनाओं, प्रतिक्रियाओं और उन कामों को संचालित करता है, जिन्हें हम बिना सोचे-समझे करते हैं। जैसे गाड़ी चलाना, खाना खाना या दांत साफ करना। हमारी आदतों को नियंत्रित करने में अचेतन मन की प्रमुख भूमिका होती है।

मसलन, आप तय करते हैं कि अब सप्ताह में छह दिन डेढ़ घंटे जिम जाएंगे। शुरुआत में इस फैसले पर अमल करना आसान लग सकता है, लेकिन इसे लंबे समय तक जारी रखना मुश्किल होता है। इसकी वजह यह है कि फैसला चेतन मन लेता है, जबकि आदतों को बनाए रखने का काम अचेतन मन करता है। केवल इच्छाशक्ति के दम पर लंबे समय तक बदलाव कायम नहीं रखा जा सकता।

अगर अचेतन मन किसी योजना को स्वीकार नहीं करता, तो उस पर अमल करना मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि जल्दी ही अपने संकल्पों से पीछे हट जाते हैं। अब सवाल है कि बड़े बदलाव लाने के लिए अपने अवचेतन मन को कैसे तैयार करें?

अचेतन मन बड़ी उपलब्धि हासिल करने की धुन वाले नायक के तरीके से नहीं, बल्कि जमीन से जुड़े नायक के रास्ते से बेहतर तालमेल बिठाता है। बड़ा लक्ष्य चेतन मन को उत्साहित कर सकता है, पर आदतें बनाने के लिए छोटे व सहज बदलाव कारगर होते हैं।

छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं

बड़े बदलाव दिमाग में तनाव और खतरे का एहसास पैदा कर सकते हैं। ऐसे में दिमाग का अमिगडाला नामक हिस्सा सक्रिय हो जाता है, जो हमें खतरे से बचने के लिए लड़ने या वहां से पीछे हटने की प्रतिक्रिया देता है। बदलाव बहुत बड़ा हो, तो हम अक्सर उससे बचने लगते हैं, इसलिए शुरुआत छोटे बदलावों से करें। रोज पांच मिनट व्यायाम करना भले ही आपको कोई बड़ी उपलब्धि न लगे, लेकिन आदत बनाने की दिशा में यह बहुत उपयोगी कदम हो सकता है।

– tinybuddha.com

जिंदगी में जो मिला है उसे मामूली न समझें

जो चीजें हमें सहज ही मिल जाती हैं, हम उनकी कद्र नहीं कर पाते हैं। अपनों का साथ, अच्छी सेहत, सुरक्षित घर और आजादी-ये जीवन की अनमोल नेमतें हैं। सोचिए, अगर ये हमसे छीन ली जाएं, तो क्या होगा?



खुद से पूछें तीन सवाल

1. क्या आप अतीत और भविष्यकाल के आंधी से जाने पर जीवन की रोजमर्रा की नेमतों पर ध्यान नहीं देते?
2. अगर आपको कोई चीज आसानी से हमें मिल गई है, तो क्या आप उसकी सही अहमियत समझ पाते हैं?
3. क्या किसी प्रिय चीज या व्यक्ति से दूर होने पर ही आपको उनका मोल समझ आता है?

किसी ऐसे व्यक्ति से पूछिए, जिसने गरीबी में बचपन बिताया हो कि परिवार के लिए दो वक्त का खाना जुटा पाना कैसा लगता है? वह बताएगा कि मन का सुकून कितना अनमोल है। किसी ऐसे व्यक्ति से पूछिए, जिसने गुलामी में दमन और उत्पीड़न का जीवन जिया हो कि कि आजादी का अनुभव कैसा होता है? वह बताएगा कि स्वतंत्र होने के लिए वह कितना आभारी है। किसी गंभीर बीमारी से उबर चुके व्यक्ति से पूछिए कि जीवित रहने का एहसास कैसा है? वह आपको हर पल को संजोकर जीने की सलाह देगा। इसके बावजूद ज्यादा लोग जीवन की इन अनमोल नेमतों की कद्र नहीं करते।

इन सभी अनुभवों में एक बात समान है। वह है, चीजों को देखने का नजरिया। जिन चीजों को आप आज स्वाभाविक मान रहे हैं- अपनी सुरक्षा, सुरक्षित छत, अपनी बात कहने की आजादी और अपने फैसले खुद लेने का हक- ये अचानक आपसे छिन जाएं, तो क्या होगा? दरअसल, जब कोई जरूरी चीज लंबे अभाव के बाद मिलती है, तब हमें उसका मोल समझ आता है। यह पता चलता है कि हमारे लिए वास्तव में क्या जरूरी है।

अपनी नेमतों को समझिए

एक पल ठहरिए और सोचिए। क्या आप ऐसे देश में रहते हैं, जहां आपको आजादी मिली हुई है? क्या आपके सिर पर छत है, अच्छे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच है और अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत नहीं रहते? क्या आपके आसपास शांति है? क्या आपके अपनी बात कहने और अपनी पसंद के धर्म का पालन करने की आजादी है?

क्या आपके घर में बिजली है, साफ पानी और सर्दी से बचने के लिए पर्याप्त गर्मकपड़े मिलती है? क्या आपके पास ऐसी नौकरी है, जिससे आप अपना और अपने परिवार का खर्च उठा सकते हैं? क्या आपके जीवन में अच्छे दोस्त, प्यार करने वाला परिवार और अनकंडीशनल खूबसूरत खादें हैं? क्या आपके पास इतना खाली समय है कि आप पार्क में टहल सकें, कोई अच्छी किताब पढ़ सकें या अपने बच्चों की देखभाल कर सकें?

संभव है कि आप इन सुविधाओं के बारे में कभी संजीदगी से सोचते ही न हों। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ये चीजें लंबे समय से आपके जीवन का हिस्सा हैं। इन्हें पाने के लिए आपको कोई बड़ा त्याग नहीं करना पड़ा।

ज्यादातर लोग जिंदगी में कुछ और हासिल करने की दौड़ में इतने व्यस्त रहते हैं कि जो उनके पास पहले से है, उसकी कद्र करना भूल जाते हैं।

अमेरिकी लेखक फ्रैंक ए. क्लार्क ने कहा था, 'जो व्यक्ति अपने पास मौजूद चीजों के लिए आभारी नहीं है, वह भविष्य में मिलने वाली चीजों के लिए भी शायद ही आभारी होगा।' सच यह भी है कि हमें पता होता है कि हमारे पास क्या है। हमें बस यह लगता है कि यह कभी हमसे छिनेगा ही नहीं।

यह लेख केवल आपको जगाने की एक कोशिश है। अगर आप अपनी जिंदगी की सबसे जरूरी चीजों को हल्के में लेते हैं, तो हो सकता है कि एक दिन आपको एहसास हो कि आपने कितना कुछ खो दिया है। मसलन, बच्चों के साथ बिताया जाने वाला समय या उपहार्ता माता-पिता के साथ रहने के अनमोल पल। समय बीत जाने के बाद शायद आप चाहकर भी उन पलों को वापस न ला सकें, इसलिए अभी से अपने आसपास मौजूद लोगों और चीजों पर ध्यान दीजिए। जो आपके पास है, उसे संजोकर रखें और जीवन को सजगता के साथ जीने का प्रयास करें।

frankzonnenbergonline.com

[WEEKLY CAPSULE]

High BP despite normal readings



RAPID OR excessive changes in blood pressure can increase the risk of heart disease, stroke and brain injury. Problem is they can happen even when average readings fall within the normal range. Researchers at the University of Virginia School of Medicine have identified a small group of nerve cells in the brainstem that helps maintain steady blood pressure. The brainstem regulates essential involuntary functions, and these newly studied cells appear to limit blood pressure swings as people move between everyday activities. A loss of just a few hundred nerve cells left unstable blood pressure in patients.

Target zombie cells to fight ageing



MAYO CLINIC scientists have uncovered surprising new insights into "zombie cells," ageing cells that linger in the body and contribute to inflammation and disease. Seven studies reveal why these cells are harmful and identify new strategies for targeting them, including a natural compound found in tomatoes. In ageing mice, experimental treatments reduced inflammation and improved physical and brain health. The findings could open the door to therapies that combat some of the biological processes behind ageing. The new research shows that these cells are much more varied than previously understood.

Common drugs push virus spread



WIDELY USED anti-inflammatory drugs may unintentionally help dangerous viruses spread through the body. Scientists at the Norwegian University of Science and Technology found that JAK inhibitors, prescribed for rheumatoid arthritis and other inflammatory diseases, can weaken a crucial immune defence against influenza, COVID-19 and other infections. By suppressing genes that normally fight viruses, these medications may leave patients more vulnerable to infection. JAK inhibitors are often prescribed for autoimmune diseases and inflammatory conditions such as rheumatoid arthritis.

Exercise rewires your heart



EXERCISE DOES more than make the heart stronger. New research suggests it also physically reshapes the nerves that control the heart, revealing an unexpected difference between the left and right sides of the body. Scientists at the University of Bristol (UK) discovered that moderate aerobic exercise changes the structure of nerve cells involved in regulating heart activity. Even more surprisingly, the changes were dramatically different on the two sides of the body. The findings can help doctors develop more precise treatments for irregular heartbeats, chest pain, angina, and stress-induced conditions.

Close cavities in seconds



A SIMPLE LIQUID painted onto teeth can stop cavities in seconds without drilling, injections or anaesthesia, according to a major clinical trial involving young children. The treatment, called silver diamine fluoride (SDF), takes only seconds to apply to each affected tooth. Rather than removing damaged tooth material and placing a filling, a dentist uses a tiny sponge-tipped applicator to paint the liquid directly onto the cavity. The inexpensive treatment could spare thousands of children painful dental procedures and surgery while paving the way for broader FDA-approved use.